दिन–सोमवार दिनांक– 24 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज भारत के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में उन्हें पद की शपथ दिलायी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य न्यायाधीश बने हैं। उन्होंने न्यायमूर्ति भूषण आर. गवई का स्थान लिया है, जो कल सेवानिवृत्त हो गये। राष्ट्रपति ने तीस अक्तूबर को न्यायमूर्ति सूर्यकांत को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया था। वे इस पद पर लगभग पंद्रह महीनों तक रहेंगे और पैंसठ वर्ष की आयु होने पर नौ फरवरी दो हजार सत्ताईस को सेवानिवृत्त होंगे।

———————————————————————————

राज्य में नई सरकार के गठन के बाद विभिन्न विभागों के मंत्रियों का कार्यभार ग्रहण करने का सिलसिला जारी है। उप–मुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि विभाग में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इधर, मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग के मंत्री  बिजेन्द्र यादव ने आज अपना कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने कहा कि शराबबंदी कानून राज्य में मजबूती से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर इसमें गड़बड़ी को ठिक किया जायेगा। वहीं, श्रम संसाधन मंत्री संजय सिंह टाइगर और पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री सुरेन्द्र मेहता ने भी अपने–अपने विभागों का पदभार ग्रहण कर लिया है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत वृद्धा पेंशन की राशि हर महीने की दस तारीख को लाभार्थियों के खाते में पहुँच जानी चाहिए। श्री कुमार ने इसे लेकर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि वृद्धजन पेंशन योजना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। गौरतलब है कि

विधानसभा चुनाव से पहले पेंशन की राशि चार सौ से बढ़ाकर ग्यारह सौ रूपये कर दी गई थी।

———————————————————————

जाने–माने फिल्म अभिनेता धर्मेन्द्र का आज निधन हो गया है। वे नवासी वर्ष के थे। न्यूज एजेंसी आईएएनएस ने बताया है कि लंबी बीमारी के बाद आज उन्होंने अंतिम सांस ली। मुम्बई के विले पारले स्थित शमशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। धर्मेन्द्र ने शोले, राम–बलराम, क्रोधी, सीता और गीता, ड्रीमगर्ल जैसी कई हिट फिल्मों में यादगार किरदार निभाया है। उनके निधन पर फिल्म जगत से लेकर राजनीतिक और सामाजिक हल्के में शोक की लहर फैल गई है।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में ठंड में मामूली बढ़ोतरी देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य का न्यूनतम तापमान बारह से उन्नीस डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी हो सकती है।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय महिला दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम को पहले दृष्टिबाधित महिला ट्वटी–ट्वंटी विश्व कप में जीत हासिल करने पर बधाई दी है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि यह जीत एक ऐतिहासिक खेल उपलब्धि है। जो कड़ी मेहनत, टीम वर्क और दृढ़ संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। गौरतलब है कि कल कोलंबों में खेले गए फाइनल मुकाबले में भारत ने नेपाल को सात विकेट से हरा कर खिताब जीत लिया था।

———————————————————————

रोहतास जिले के धौड़ाड़ थाना क्षेत्र अंतर्गत एक पत्थर खदान में दो बच्चों के शव बरामद किए गए है। एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि प्रथम दृष्टया नहाने के दौरान डूबने से बच्चों की मौत हुई है। उन्होंने कहा कि हर पहलु पर मामले की जाँच की जा रही है।

————————————————————————————

अररिया पुलिस ने फारबीसगंज इलाके में एक चावल व्यवसायी से आठ लाख रूपये से अधिक के लूट मामले में एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार ने बताया कि लूट कांड में शामिल सभी अपराधियों की पहचान कर ली गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

————————————————————————————

मधेपुरा जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बलुआहा पुल के पास सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए।

————————————————————————————

समाप्त